माँ शाकुम्भरीविश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुवांरका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website - msuniversity.ac.in Email ID- registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : वि0वि0 समारोह आयो0/01/2024–25 दिनांक : 13.11.2024

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
माँ शाकुम्भरीविश्वविद्यालय,
सहारनपुर।

विषय –संविधान दिवस दिनांक 26.11.2024 को विश्वविद्यालय/संस्थान स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिता के आयोजन के सम्बंध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषेयक सचिवालय, उ0प्र0 के पत्रांक सं0 ई–8516/32जी0एस0/2024 दिनांक 11.11.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें संविधान दिवस दिनांक 26.11.2024 को विश्वविद्यालय/संस्थान स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिता के आयोजन करने के दिशा निर्देश दिये गये है। कार्यक्रमों के आयोजन के विषय में यह ध्यान रखा जाये की संविधान दिवस को पूरे सम्मान और व्यापक भागीदारी के साथ मनाया जाना अनिवार्य है। इसलिए इस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सम्बन्ध में जारी आवश्यक दिशा निर्देश इस पत्र के साथ संलग्न हैं। आपको निर्देशित किया जाता है कि संलग्न निर्देशों के का अनुपालन करते हुए इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम तथा प्रतिज्ञा दिलाने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें।

संलग्नक : यथोक्त

भवदीय

(प्रो0 ओमकार सिंह)
नोडल अधिकारी,
संविधान दिवस आयोजन
एवं
प्राचार्य
गोचर महाविद्यालय रामपुर मनिहारान, सहारनपुर।

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ प्रेषित।

1. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. कुलसचिव कार्यालय को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।

(प्रो0 ओमकार सिंह)
नोडल अधिकारी

माँ शाकुम्भरीविश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुवांरका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website - msuniversity.ac.in

Email ID- registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक :   दिनांक : 13.11.2024

<u>संविधान दिवस दिनांक 26.11.2024 को विश्वविद्यालय/संस्थान स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिता के आयोजन के सम्बंध में महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश :</u>

1. विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन:

प्रत्येक संस्थान को संविधान की महत्ता पर आधारित कार्यक्रम आयोजित करना अनिवार्य है। इनमें शामिल हैं:

- वाद–विवाद एवं चर्चा संविधान के सिद्धांतों और उनकी वर्तमान संदर्भ में प्रासंगिकता पर आधारित।
- पोस्टर निर्माण एवं चित्रकला प्रतियोगिता संविधानिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता के विषय पर आधारित।
- निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता युवाओं में संविधान की जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से।

इन गतिविधियों को इस तरह से आयोजित करें जिससे विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो।

2. विद्यार्थियों का पंजीकरण और रिपोर्टिंग:

- महाविद्यालय सभी प्रतिभागियों का समयसीमा के भीतर प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। प्रत्येक महाविद्यालय की जिम्मेदारी है कि वे विद्यार्थियों को पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में सूचित करें।

पंजीकृत प्रतिभागियों और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं की सूची तैयार कर कार्यक्रम के समाप्त होने के तुरंत बाद विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी को gmvrampur@gmail.com पर भेजी जाए। उक्त कार्यक्रमों के विजेता प्रतिभागियों के बीच में विश्वविद्यालय/राजभवन स्तर पर प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कराया जायेगा।

3. शपथ ग्रहण समारोह (अनिवार्य):

- संविधान दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन सभी महाविद्यालयों में किया जाना आवश्यक है।
- शपथ ग्रहण समारोह में शत प्रतिशत विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस हेतु सभी आवश्यक प्रबंध करें।

4. फोटोग्राफी तथा वीडियो रिकॉर्डिंग:

सभी कार्यक्रमों और गतिविधियों का उचित दस्तावेजीकरण किया जाना चाहिए, जिसमें शामिल हों

- महत्वपूर्ण क्षणों की उच्च गुणवत्ता वाली फोटोग्राफ।
- मुख्य गतिविधियों के वीडियो, विशेष रूप से शपथ ग्रहण समारोह के।

इन रिकॉर्ड्स को विश्वविद्यालय के मांगने पर प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

5. अन्य दिशानिर्देश:

- संस्थान यह सुनिश्चित करें कि कार्यक्रम के सुचारू आयोजन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं, जैसे बैठने की व्यवस्था, ऑडियो–विजुअल उपकरण और सुरक्षा उपाय, किए जाएं।
- कार्यक्रम को संस्थान के स्तर पर और सोशल मीडिया पर प्रचारित किया जाए ताकि इसकी जागरूकता और भागीदारी को बढ़ाया जा सके।

इन निर्देशों के पालन में किसी भी प्रकार की कमी को गंभीरता से लिया जाए और आवश्यक कार्रवाई की जाए।

(प्रो0 ओमकार सिंह)

नोडल अधिकारी,